PendulumEdu



करेंट अफेयर्स

02-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**02nd November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 2 नवंबर 2019

## 1. भारत और जर्मनी के मध्य 22 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गये

- जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल 3 दिवसीय भारत के दौरे पर नई दिल्ली आई हुई हैं।
- इस अवसर पर भारत और जर्मनी के मध्य कुल 22 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये हैं।
- इसमें कृत्रिम बुद्धिमता, कृषि और डिजीटल रूपांतरण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं।
- इसके साथ ही भारत और जर्मनी के मध्य 5वीं अंतर सरकारी परामर्श बैठक भी संपन्न होगी।
- साथ ही दोनो देश आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के लिए साझा प्रयासों पर जोर देगें।

## 2. 21वाँ उत्तर पूर्व पुस्तक मेला गोवाहाटी में

- हाल ही में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने गोवाहाटी, असम में 21वें उत्तर पूर्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर भारतीय उपराष्ट्रपति ने देश की संस्कृति में पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डाला है।
- 200 से अधिक दुकानों वाला यह पुस्तक मेला 12 दिनों तक चलेगा।
- इसका आयोजन असम प्रकाशक और पुस्तक विक्रेता संघ के द्वारा किया गया है।

## 3. भारत और अमेरिका की 7वीं वित्तीय और आर्थिक सहयोग बैठक का आयोजन नई दिल्ली में

- भारत ओर अमेरिका की 7वीं वित्तीय और आर्थिक सहयोग बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

- इसकी अध्यक्षता भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन और अमेरिकी समकक्ष स्टीवन टी न्यूचिन ने की।
- दोनो देशों के मध्य आपसी सहयोग को मजबूत करने और आतंकवाद की धन उपलब्धता को हतोत्साहित करने तथा धन शोधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## 4. नये बाँस तकनीकी पार्क की स्थापना जम्मू कश्मीर और लद्दाख में

- हाल ही में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) के द्वारा जम्मू कश्मीर और लद्दाख में नये बाँस तकनीकी पार्क की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है।
- **बेंत और बाँस तकनीकी केन्द्र** (CBTC) जो कि **पूर्वोत्तर परिषद** के अंतर्गत कार्य करता है इस प्रोजैक्ट के क्रियान्वयन में सहायता करेगा।
- ये पार्क **राष्ट्रीय बाँस मिशन** के अंतर्गत स्थापित किये जाएगें।

## 5. शोधकर्ताओं के द्वारा भारत के पहले मानव मस्तिष्क एटलस का विकास

- आई. आई. आई. टी हैदारबाद तथा केरल और कनाडा के विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के द्वारा भारत के पहले मानव मस्तिष्क एटलस का विकास किया गया है।
- मस्तिष्क एटलस का प्रयोग दिमाग के अपरूपों को पहचानने के लिए एक मानक के रूप में कार्य करेगा।
- इस शोध में यह पाया गया है कि भारतीयों का दिमाग विश्व में सबसे छोटा है।
- यदि आकार और परिमाण के अनुसार तुलना की जाऐ तो भारतीयों का दिमाग चीनी, कोरियाई और काकेशियस समुदाय से भी काफी कम है।

Attempt Today’s Question of the Day

## 6. शारजहा में अतंर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला–2019

- अतंर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला–2019 का आयोजन शारजहा, संयुक्त अरब अमीरात में किया जा रहा है।
- यह पुस्तक मेला 30 अक्टूबर से 9 नवंबर 2019 तक चलेगा।
- शारजहा में हर साल पुस्तक मेले का आयेजन किया जाता है।
- इस वर्ष इस मेले का 38वाँ संस्करण है।
- यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा मेला है।
- इस वर्ष इसकी थीम है– 'खुली पुस्तक, खुले मस्तिष्क'।

## 7. भारतीय राष्ट्रपति ने आई.आई.टी दिल्ली पूर्व छात्र अक्षय निधि कोष का शुभारंभ किया

- भारतीय राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में आई.आई.टी दिल्ली पूर्व छात्र अक्षय निधि कोष का शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर आई.आई.टी दिल्ली के 10 पूर्व छात्रों ने इस कोष में 250 करोड़ रूपये का योगदान दिया।
- साथ ही आई.आई.टी दिल्ली के द्वारा **'ईच वन टीच वन'** पहल की शुरूवात भी की गई।
- पूर्व छात्रों को हर वर्ष एक छात्र को शिक्षा में सहायता प्रदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

## 8.राष्ट्रीय स्वास्थय रूपरेखा–2019

- हाल ही में **सेंट्रल ब्यूरो ऑफ हेल्थ एण्ड इंटेलीजैंस** (CBHI) के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थय रूपरेखा 2019 का प्रकाशन किया गया है।
- इस रिर्पोट के मुताबिक भारत में 2012 से 2016 के मध्य जीवन प्रत्याशा 68.7 वर्ष है।

- 2016 में भारत में जन्म दर में कमी आयी है। यह 25.8 से गिरकर अब 20.4 हो गयी है।
- मृत्यु दर में भी कमी देखी गई है। यह 8.5 से गिरकर 2016 में 6.4 हो गई है।
- भारत में कुल फर्टीलिटि दर 2.3 है। ग्रामीण इलाको में यह दर 2.5 और शहरों में 1.8 है।

## 9. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने दो नये विभागों का सृजन किया

- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पूर्व में लिए गये फैसले को अमल में लाते हुए दो नये विभागों का गठन किया है–

  1. पर्यवेक्षण विभाग
  2. विनियमन विभाग

- इन दोनों विभागों का सृजन बैंकिंग, नॉन बैंकिंग, कॉपरेटिव बैंक और अन्य वित्तीय संस्थनों पर एकल माध्यम से पर्यवेक्षण और विनियमन के उद्देश्य से लिया गया है।

## 10. आर्ट्स एक्पोजीशन का आयोजन दिल्ली में

- भारत में पहली बार मनोरोग से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए नई दिल्ली में आर्ट्स एक्पोजीशन का आयोजन किया जा रहा है।
- इस एक्सपो का नाम 'eCAPA-आर्ट फ्रॉम द हार्ट' है।
- डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म, सीजर डिस्ऑडर और डिस्लैक्सिया आदि मनोरोगों से ग्रस्त लेकिन विलक्षण प्रतिभा से धनी कलाकारों के लिए अपने हुनर को प्रदर्शित करने का अनुठा सामाजिक प्रयास एवं राष्ट्र व्यापी मंच है।
- छतरपुर की एस टी आई आर गैलेरी में यह प्रदर्शनी 14 नवंबर तक चलेगी।

Read Daily Current Affairs 1 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 1 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

